Dr Sangita Kumari Saha
B.A D-II (H) IIIrd paper

## Interview Method

साक्षात्कार विधि एक सामान्य एवं प्राचीन विधि है परन्तु इस विधि का उपयोग असामान्य व्यक्तियों के अध्ययन के लिए बड़े पैमाने पर किया जाने लगा है। इस विधि में मानसिक रोगी से साक्षात्कार, पारस्परिक वार्तालाप करके उनके व्यवहारों, विचारों तथा अनुभूतियों का अध्ययन किया जाता है। साधारणतः यह विश्वास किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व को पारस्परिक वार्तालाप द्वारा समझा जा सकता है।

**Maccoby and Maccoby** के अनुसार साक्षात्कार आमने-सामने बैठकर किये गये विचारों का मौखिक आदान प्रदान है। इसमें कम से कम दो व्यक्ति एक साक्षात्कार लेने वाला तथा दूसरा साक्षात्कार देने वाला होता है।

साक्षात्कारकर्ता मानसिक रोगी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में कुछ बातें पूछता है जिनका उत्तर देने के सिलसिले में रोगी अपने विचारों, भावों, विश्वासों और मनोवृत्तियों को व्यक्त करता है तथा इन्हें व्यक्त करते समय जिस भाव भंगिमा का प्रदर्शन करता है उनके आधार पर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है।

## Kind of Interview

साक्षात्कार दो प्रकार के होते हैं

(i) Structured Interview
(ii) Unstructured Interview

Scanned with CamScanner

(I) Structured Interview:- संरचित साक्षात्कार में साक्षात्कार के पहले ही पूछे जाने वाले प्रश्न बनाकर तैयार कर लिये जाते हैं और इन प्रश्नों को साक्षात्कार देने वाले सभी व्यक्तियों से एक क्रम और एक ही ढंग में पूछा जाता है। इस प्रकार के Interview की शुरुआत संचालन एवं समापन साक्षात्कार लेने वाले व्यक्ति द्वारा पहले से तैयार की गई योजना पर निर्भर करता है। अतः साक्षात्कार लेने वाले व्यक्ति की भूमिका यहाँ मुख्य और प्रधान रहती है साक्षात्कार के इस प्रकार को प्रामाणिकता या प्रत्यक्ष साक्षात्कार भी कहते हैं।

(II) Unstructured Interview-

Unstructured Interview में साक्षात्कार की कोई योजना पहले से तैयार नहीं रहती। इसमें साक्षात्कार देने वाला की भूमिका ही मुख्य और प्रधान रहती है। साक्षात्कार की प्रक्रिया का प्रारम्भ, संचालन एवं समापन सब कुछ उसी पर निर्भर करता है। साक्षात्कार लेने वाला व्यक्ति केवल सहायता प्रदान करता है। साक्षात्कार लेने वाले व्यक्ति साक्षात्कार देने वाले को केवल साक्षात्कार की एक Outline बतला देता है और साक्षात्कार देने वाले को यह छूट रहती है कि वह जो चाहे और जैसे चाहे अपने विचारों, भावनाओं, अनुभवों को प्रकट करे। इसी साक्षात्कार के इस प्रकार को Unstandardized free or indirect Interview भी कहते हैं।